तापमान

अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



11 आज मतदान : महासमुंद संसदीय क्षेत्र के 17,62,477...






12 निगम प्रशासन ने की इस वर्ष पौने दस करोड़ की वसूली






## भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में से 27 स्टूडेंट JEE में सफलता हासिल किए

**भिलाई।** भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में 27 स्टूडेंट में JEE-Mains में चयन हुए जिसमें निखिल तिवारी 99.26 % ile भूपेन्द्र 98.93 % ile शैलेष गुप्ता 98.03 % ile इसी तरह रुद्रेश सिंग, आर्यन वर्मा, हर्ष, सिद्धार्थ, दीपक मिश्रा, सृष्टि, संतोषी भोई, यश देवांगन ने 90 % ile से ऊपर लाकर संस्था व पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है। बाकी स्टूडेंट 80 % ile से ऊपर है। इन सभी स्टूडेंट को संस्था की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। छात्र व छात्राएं इसका श्रेय माता-पिता का सहयोग व शिक्षकों का सभी मार्गदर्शन को दिया है। सुपर-30 में सभी 30 स्टूडेंट को निःशुल्क पढ़ाया जाता है जो कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सुपर-30 में जाने की नामांकन की प्रक्रिया चयनित परीक्षा के द्वारा होती है। जो ऑनलाईन व ऑफलाइन के माध्यम से परीक्षा दे सकते हैं। इसकी परीक्षा तिथि 1 मई 2 मई व 3 मई को ऑनलाइन व ऑफलाइन पूरे प्रदेश व देश के स्टूडेंट दे सकते हैं। चयनित छात्रो को भिलाई शाखा में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। सुपर-30 में 30 छात्र IIT-JEE व 30 छात्र NEET के बच्चों का चयन कर पढ़ाया जाता है। बच्चों को IITIANS व Doctors की टीम द्वारा IIT व NEET की तैयारी पिछले वर्ष से छत्तीसगढ़ में कराया जा रहा है। इसका लाभ लेने के लिए छात्रों को Online व Offline परीक्षा देना पड़ेगा। चयनित छात्र में IIT-JEE व NEET के 30-30 छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। हमारी इस संस्थान में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है। छात्र व छात्रों को समय-समय पर मोटिवेशलन क्लास भी कराई जाती है जिससे छात्रों में कैरियर के बारे में जानकारी दी जाती है। भिलाई सुपर-30 ब्रांच : 58-ए मार्केट सेक्टर-10 में हमारी शाखा संचालित हो रही है। अधिक जानकारी के लिए 7880168887 पर संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

भिलाई सुपर-30 के टॉपर छात्र



NIKHIL TIWARI 99.26 % ile | Abhijeet Singh 97.56 % ile | Somesh Kr. Singh 97.41 % ile | Deepak Mishra 95.93 % ile | Aryan Verma 95.01 % ile

Advt.


## खबर संक्षेप

### समाजसेवियों ने दी बैसाखी



**नगरी।** नगर के वीरू सोम 68 वर्ष को चलने में परेशानी होती है। मतदाता जागरूकता के तहत गुरुवार को नगर के समाजसेवी सन्नी छाजेड़, शिवा प्रधान, देवीचंद जैन, खेमराज साहू ने उसे बैसाखी दी जिससे वह मतदान कर सके और अन्य लोगों को जागरूक भी कर सके।

### 9वीं का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा

**मगरलोड।** एंबिशन पब्लिक स्कूल मेघा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शिक्षक केसी ने बच्चों को सफलता और असफलता में गहरा संबंध बताया। प्राचार्य घनश्याम निषाद ने कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के सभी बच्चों को कक्षोन्नति एवं कक्षा में स्थान बनाने वाले बच्चों को शुभकामनाएं दी। व्याख्याता लोमस कुमार यादव, उमेश कुमार साहू, अनिस कुमार साहू, परीक्षा प्रभारी केशरी पटेल ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। कक्षा नवमी का परिणाम 95 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर शाला परिवार से कीर्ति साहू, गायत्री विश्वकर्मा, विजयालक्ष्मी गुप्ता, चेतना साहू, लोचन साहू, कुसुमलता साहू, रमशीला निषाद, रूक्मणि पटेल उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव 2024 : पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री से मतदान सामग्री लेकर दल हुआ रवाना

# तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज होगा मतदान

- जिले में 17 क्रिटिकल मतदान केन्द्र बनाए गए
- मतदान सामग्री वितरण कार्य का कलेक्टर, सीईओ ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गुरूवार को पॉलीटेक्निक कालेज में सुबह से मतदान दलों का मेला लगा रहा। दोपहर तक दल के 3 हजार से अधिक निर्वाचन अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए थे। आज जिले में लोकतंत्र का राष्ट्रीय पर्व है। जिले के 6.30 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। धमतरी और कुरूद विधानसभा के 4,35,501 वोटर महासमुंद लोकसभा तथा सिहावा विधानसभा के 1,93,301 मतदाता कांकेर लोकसभा के लिए अपना नेता चुनेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान सामग्री वितरण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने मौके पर पहुंचकर मतदान दलों से चर्चा कर फीडबैक लिया।

जिले में आज 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। मतदान सामग्री वितरण कार्य का कलेक्टर नम्रता गांधी सहित सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने जायजा लिया।

शासकीय भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में मतदान दलों ने निर्वाचन कार्य के लिए सामग्री ली एवं अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने रवाना हुए। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया है, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी। जिले में 753 मतदान केन्द्र के लिए कुल 3012 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2, मतदान अधिकारी-3 के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 20 प्रतिशत अधिकारी, कर्मचारियों को रिजर्व रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 753 मतदान केन्द्रों में 17 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं, इनमें विधानसभा क्षेत्र सिहावा में 14 और धमतरी में 3 मतदान केन्द्र शामिल है। इसी तरह 372 सामान्य मतदान केन्द्रों को मिलाकर कुल 377 मतदान केन्द्रों में वेबकॉस्टिंग किया जायेगा। इनमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 56 सिहावा में 129, विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद में 119 और विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी में 129 मतदान केन्द्र शामिल हैं।





### जिले में कुल 6 लाख 30 हजार 802 मतदाता

जिले में कुल 6 लाख 30 हजार 802 मतदाताओं में से 3 लाख 9 हजार 840 पुरूष मतदाता, 3 लाख 20 हजार 953 महिला मतदाता और 9 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा में कुल 1 लाख 95 हजार 301 मतदाताओं में से 95 हजार 52 पुरूष मतदाता, 1 लाख 248 महिला मतदाता और 1 तृतीय लिंग मतदाता हैं। वहीं विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद में कुल 2 लाख 11 हजार 605 मतदाताओं में से 1 लाख 5 हजार 669 पुरूष मतदाता, 1 लाख 5 हजार 934 महिला मतदाता, 2 तृतीय लिंग मतदाता तथा विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी में कुल 2 लाख 23 हजार 896 मतदाताओं में से 1 लाख 9 हजार 119 पुरूष मतदाता, 1 लाख 14 हजार 771 महिला मतदाता और 6 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

### 68 वृद्धजनों और दिव्यांग मतदाताओं ने की होम वोटिंग

जिले में होम वोटिंग के माध्यम से 68 वृद्धजन और दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर मतदान किया। वहीं निर्वाचन कार्य में लगे 3 हजार 812 अधिकारी, कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया। गौरतलब है कि जिले के प्रत्येक विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र (महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र), दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित प्रत्येक विधानसभा में 1-1 मतदान केन्द्र और युवा तथा आदर्श मतदान केन्द्र प्रत्येक विधानसभा में 5-5 बनाये गये हैं।

### जीपीएस से वाहनों की हो रही निगरानी



मतदान दलों के लिए वाहनों की जिम्मेदारी परिवहन विभाग संभाल रहा है। तीनों विधानसभा के लिए अलग-अलग रूट चार्ट बनाए गए हैं। अधिग्रहित 326 वाहनों पर जीपीएस लगाकर कलेक्टोरेट से निगरानी की जा रही है। 196 वाहनों में मतदान दल तथा 79 वाहनों से सेक्टर अधिकारियों को रवाना किया गया। नायब तहसीलदार जितेन्द्र डहरे सहित अधिकारी-कर्मचारी वाहनों की ऑनलाइन ट्रेकिंग में जुटे हैं।

### 1750 जवानों की ड्यूटी लगी

मतदान दलों के साथ सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस जवानों को रवाना किया गया है। पुलिस विभाग, नगर सेना, वन विभाग, कोटवार समेत कुल 1750 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के तहत पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जवान लगातार सर्चिंग कर रहे हैं। 17 संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष बल तैनात किए गए हैं।

### महिलाओं ने संभाला संगवारी बूथ का मोर्चा





लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को जिले के लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जायेगा। स्थानीय भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थित सामग्री वितरण केन्द्र से संगवारी मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुई महिलाएं काफी उत्साहित थीं। रवाना होते हुए महिलाओं ने कहा कि उन्हें मतदान कराने के लिए काफी अच्छा प्रशिक्षण मिली है और वे काफी उत्साहित हैं कि उन्हें संगवारी बूथ में मतदान करने का मौका मिल रहा है। इसी तरह छोटे-छोटे बच्चों की माताएं भी मतदान करने के लिए रवाना हुईं। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने महिलाओं के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया और मतदान कराने के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। गौरतलब है कि प्रत्येक विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र (महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र) बनाया गया है।

- छोटे बच्चों के साथ निर्वाचन का दायित्व निभाने दिखीं उत्साहित

# आबकारी अमले ने कोपेडीह में 252 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब पकड़ी

- 6350 किलोग्राम महुआ लाहन भी बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में आबकारी अमला द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक कुरूद निशांत साधु के नेतृत्व में मुखबीर से प्राप्त सूचना पर भखारा थाना के ग्राम कोपेडीह में कुल 252 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब एवं 6350 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। साथ ही छग आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (च) 34(2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण कायम किया गया। उन्होंने बताया कि इसका कुल बाज़ार मूल्य 3 लाख 2 हजार 400 रुपए है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक लालजी दीवान, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी, राजेश यादव, प्रशांत यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



# बिस्किट भरकर जा रही मेटाडोर में लगी आग

- केरेगांव के पास की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगरी जा रही बिस्किट से लदी मेटाडोर में अचानक आग लग गई। इस घटना में वाहन सहित बिस्किट जलकर खाक हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से बिस्किट भरकर मेटाडोर क्रमांक सीजी 04 एलएल 7943 नगरी जा रही थी। इसी दौरान केरेगांव के पास चलती मेटाडोर से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते वाहन से धुएं के साथ आग की लपटें निकलने लगीं। कुछ देर में ही मेटाडोर आग की लपटों से घिर गई। अचानक लगी आग से मेटाडोर सहित उसमें भरा बिस्किट जलकर खाक हो गया। वाहन में आग की लपटें निकलते देख चालक राजेश निषाद व कंडक्टर ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। कुछ देर के लिए मार्ग पर आवाजाही बंद कराई गई थी। सूचना पर धमतरी से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट के कारण मेटाडोर में आग लगी है। इस घटना में जनहानि नहीं हुई है।



# गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी


## प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

तापमान का पारा 40 पार करते ही मौसम चेंज होने का सिलसिला जारी है। गुरूवार को अलग-अलग 4 सिनोप्टिक सिस्टम बन गए हैं। इससे प्रदेश में फिर अंधड़, बिजली तथा बारिश की संभावना है।

मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक चक्रवाती परिसंचरण मराठवाड़ा और आसपास के मध्य महाराष्ट्र क्षेत्र पर स्थित है। यह समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई तक फैला हुआ है। एक द्रोणिका मध्य महाराष्ट्र के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंरचण से लेकर उत्तरी आंतरिक कनार्टक से रायल सीमा होते हुए तटीय तमिलनाडु तक है। यह समुद्र तक से 0.9 किमी ऊपर बनी हुई है। एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण मध्यप्रदेश और आसपास क्षेत्र पर स्थित है। यह समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैला है। एक द्रोणिका मध्यप्रदेश में बने चक्रवाती परिसंरक्षण से विदर्भ, महाराष्ट्र होते हुए दक्षिण कनार्टक तक, समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। इनके प्रभाव से प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज- चमक के साथ वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है। आगामी 3 दिनों में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। आगामी दो दिनों के पूर्वानुमान में हल्की वर्षा की संभावना है।



## झुरानदी कसपुर में पुत्र ने की थी पिता की हत्या

# आजीवन कारावास की सजा सुन हत्या का आरोपी न्यायालय से हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पिता की हत्या के मामले में न्यायालय द्वारा दी गई आजीवन कारावास की सजा को सुन हत्या का आरोपी पुत्र पुलिस को चकमा देकर कोर्ट परिसर से फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार पिता के हत्या का आरोपी हेमलाल सोरी उम्र 30 वर्ष ग्राम झुरानदी कसपुर थाना बोराई निवासी को पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी ऊषा गेंदले ने पिता की हत्या के आरोपी हेमलाल सोरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद बुधवार की शाम पुलिस आरोपी को न्यायालय से जेल ले जानी वाली थी। जेल ले जाने से पहले आरोपी का फिंगरप्रिंट लिया जा रहा था। इसी दौरान आरोपी पुलिस को धक्का मारकर न्यायालय परिसर से फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है। बंदी के साथ लाइन के जवानों की डयूटी लगी थी।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 2 जनवरी 2023 को ग्राम झुरानदी कसपुर थाना बोराई निवासी बनसिंह सोरी अपने घर के आंगन में गांव के श्यामलाल नेताम एवं रिश्तेदार घसियाराम नेताम के साथ बैठकर बात कर रहा था। इसी दौरान उसके पुत्र हेमलाल सोरी ने पिता बनसिंह सोनी पर सियानी करने की बात कहते हुए उसकी लकड़ी के ठूंठ से मारपीट की। सिर व सीने में गंभीर चोट लगने के कारण बनसिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पुत्र जंगल की तरफ भाग गया था। मृतक के बड़े बेटे सगाराम सोरी की शिकायत पर बोराई पुलिस ने आरोपी हेमलाल सोरी के खिलाफ धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी पश्चात न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था।




फाइल फोटो

### फरार आरोपी की तलाश जारी

घटना के संबंध में एसपी ने मीडिया को बताया कि न्यायालय से आरोपी के फरार होने की जानकारी मिली है। आरोपी की तलाश करने बल लगाया गया है। जल्द ही फरार आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें : कलेक्टर

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने जिलेवासियों को इस लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर अपने परिवार, इष्ट मित्रों तथा आस-पास के लोगों के साथ मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। गौरतलब है कि लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान किया जायेगा।

### शोभायात्रा का किया स्वागत

**धमतरी।** जिला औषधि विक्रेता संघ ने भगवान महावीर जयंती पर जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का बालक चौक पर स्वागत किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## निधन

### चिंताराम साहू



**धमतरी।** ग्राम सरसोंपुरी के सेवानिवृत शिक्षक चिंताराम साहू का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे श्रीराम साहू एवं उमेश साहू के पिताजी थे। उनके दाह संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहे। वे आंचलिक कवि के नाम से भी जाने जाते थे।

### हुकुमलाल सोनगेर



**जीजामगांव।** ग्राम चटौद निवासी हुकुम लाल सोनगेर का निधन 21 अप्रैल रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर केसरी साहू, दुर्जन राम, हेमंत राम, जिशांत साहू, गुंजन साहू, पल्टन राम साहू, हेमंत साहू, हरीश कुमार, भूपेश कुमार, डोमेश साहू, जस्सू, वासु, गौरव, कृष्णा, रोहित कुमार, संतोष साहू ने गहरा शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विजयलाल पटेल



**पुरी।** ग्राम बिजनापुरी निवासी व सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी कर्मचारी वि ज य ला ल पटेल 74 वर्ष का 23 अप्रैल को निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों में शोक की लहर है। वे एक सामाजिक कार्यकर्ता थे।


**// आम सूचना का खण्डन //**

दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशन दिनांक 21/04/2024 में अधिवक्ता गोपीचंद साहू सर्वोदय नगर पचपेड़ी नाका रायपुर के द्वारा अपने पक्षकार की ओर से प्रकाशित आम सूचना रेवाराम साहू पिता श्यामूराम साहू द्वारा ग्राम सिहाद तहसील भखारा जिला धमतरी में स्थित ख.नं. 270/3 रकबा 0.053 हे. को सुनील कुमार साहू पिता सोनूराम साहू को दिनांक 28/6/2023 को बिक्री इकरारनामा निष्पादित को निरस्तीकरण की सूचना कराया गया है। जिसका इस सूचना के जरिये खण्डन किया जा रहा है।

यह कि रेवाराम साहू पिता श्यामूराम साहू मोतीनगर रायपुर से मेरे व्यवहारी द्वारा दिनांक 28/6/2023 को उसके भूमिस्वामी हक के भूमि स्थित ग्राम सिहाद तहसील भखारा ख.नं. 270/3 रकबा 0.053 हे. की बिक्री सौदा कर दिनांक 28/6/2023 को बिक्री इकरारनामा निष्पादित किया गया है। और ब्याना राशि प्राप्त कर शेष रकम प्राप्त कर बिक्रीपत्र की लिखा पढ़ी एवं रजिस्ट्री करना शेष है। रेवाराम साहू द्वारा मेरे व्यवहारी से बिक्री इकरारनामा निष्पादित कर ब्याना राशि प्राप्त कर बिक्री संबंधित दस्तावेज मेरे व्यवहारी को न सौंपकर प्राप्त ब्याना राशि को गबन करने की नियत से उपरोक्त बिक्री संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति विशेष को अवैध रूप से बिक्री करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी आशय से मेरे व्यवहारी के पक्ष में हुए बिक्री इकरारनामा दिनांक-28/6/2023 को बगैर सक्षम न्यायालय में निरस्तीकरण न कराकर झूठा प्रकाशन कराया गया है। जबकि मेरे व्यवहारी दिनांक 28/6/2023 को निष्पादित बिक्री इकरारनामा के अनुसार बिक्रीपत्र की लिखा पढ़ी करने हेतु तत्पर एवं तैयार है। मेरे व्यवहारी द्वारा उपरोक्त बिक्री संपत्ति के संबंध में दिनांक 10/4/2024 को दैनिक हरिभूमि समाचार में प्रकाशन कराया गया है। एवं दिनांक 16/4/2024 को एवं 22/4/2024 को रेवाराम साहू को विधिक नोटिस भी प्रेषित की गई है। जिसकी जानकारी रेवाराम साहू को होने पर भी झूठा एवं विधि विरूद्ध आम सूचना दिनांक 20/4/2024 प्रकाशन कराया गया जो स्वमेव निरस्त योग्य है।

अतः सर्व-साधारण को आम सूचना के खण्डन के माध्यम से सूचित हो कि रेवाराम साहू द्वारा मेरे पक्षकार की बिक्रीत संपत्ति जिसका ख.नं. 270/3 रकबा 0.053 हे. जो ग्राम सिहाद तहसील भखारा जिला धमतरी में स्थित है, को कोई भी व्यक्ति विशेष क्रय करने से विरत रहे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा रेवाराम साहू के विरूद्ध प्रस्तावित व्यवहार वाद में बतौर प्रतिवादी के रूप में संयोजित किया जावेगा एवं संव्यवहार शून्य होगा।

उपरोक्तानुसार सूचना जाने।

दिनांक- 25/04/2024

भवदीय,
सचिन जाचक (अधिवक्ता)
मराठापारा धमतरी (छ.ग.)
मो.नं. 94255 12647


### शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव में आयोजित समर कैंप में दिखाई प्रतिभा

# बच्चों ने सीखा प्रतिदिन की दिनचर्या पर डायरी लेखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय प्राथमिक शाला भटगांव में दस दिवसीय सिखाना सिखाना केन्द्र (समर कैंप) का आयोजन हुआ। समर कैंप में सर्कल टाइम, भाषा एवं गणित की दुनिया व रचनात्मक कार्य के चार सत्र हुए।

विद्यालय में दर्ज 95 बच्चों ने इस कैंप का लाभ उठाया। अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन पिछले 10-12 साल से शिक्षकों के स्वैच्छिक प्रयास से संयुक्त आयोजन कर खेल-खेल में सीखने सिखाने के अवसर उपलब्ध कराते रहता है। विद्यालय के पांच शिक्षक और एक सामुदायिक शिक्षक सक्रिय रूप से जुड़े रहे। सर्कल टाइम में प्रतिदिन बाल गीत गाया। भाषा की दुनिया में समूह कार्य करना होता था। 8 समूह में प्रदर्शन के लिए सभी उत्सुक थे। घर-घर के कपड़े और अपनी टिफिन लेकर आते थे ।

प्रतिदिन एक कहानी हावभाव के साथ सुनाई जाती थी जिसे ग्रुप के बच्चे रोल प्ले करके दिखाते थे। इस दौरान शेर और खरगोश पूरे समर समर कैंप के सबसे हिट कहानी और बच्चों की लोकप्रिय कहानी भी रही। गर्मी के अवकाश के लिए असाइमेन्ट में सभी बच्चे घर में एचआर दिन डायरी लेखन करेंगे। रचनात्मक कार्य अंतर्गत बच्चों की डायरी सक्रिय रूप से लिखने और पढ़ने के लिए उपयोग की गई।

प्रतिदिन सर्वाधिक लाइक किए जा रहे नाटक में से सर्वाधिक लोकप्रिय नाटक शेर और खरगोश ही रहे। बाल गीत का प्रदर्शन बाल गीत पहाड़ी पे पेड़ था। रिपोर्टर के तौर पर छात्र रामकुमार ने बनाए गए अखबार को प्रस्तुत किया । उसने एक अंश को शिक्षक व पालकों के समक्ष पेश किया। एक बच्चे डायरी निर्माण से लेकर आज तक किस तरीके से काम करते थे, उसके बारे में विस्तार से बताया गया। धागा, पेड़ की पत्तियों से चित्रकारी बनाई गई। साक्षात्कार की गतिविधि इंट्रेस्टिंग अंदाज में की गई। 8 लीडर, 1 शिक्षिका शैल ने सर्वाधिक दिन उपस्थिति दर्ज कराई थी, इसलिए उन्हें शामिल किया गया। इन सभी से पांच सवाल पूछे गये । सबने बेबाक रियल आंसर दिया। बाल अखबार सोन चिरई कक्षा चार के बच्चों ने नाम निर्धारित किया। अब प्रतिमाह नए सत्र से बच्चे तैयार करेंगे। इसमें शिक्षक सहमत हैं। पालकों ने बच्चों के काम को देखा। मंच संचालन राम कुमार और प्राची ने किया। इस आयोजन में अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन से नरेन्द्र कुमार का सहयोग रहा। शिक्षिका शैल ने बताया कि यह समर कैंप बच्चों के लिए लाभकारी था। प्रधानपाठक हेमसिंह ने सभी तरह के स्टेशनरी उपलब्ध कराये। नरेन्द्र जाधव, शिवेंद्र एवं प्रीति ने इसे आने वाले सत्र के लिए बहुत उपयोगी बताया। सामुदायिक शिक्षक पावित्री की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही ।

# लोकसभा चुनाव के पूर्व पुलिस व सीआरपीएफ ने निकाला फ्लैग मार्च

## चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदान दिवस के पूर्व पुलिस व सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में समस्त अनुभाग के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित सीआरपीएफ द्वारा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने पेट्रोलिंग व फ्लैग मार्च किया गया। बाहर से आए सीआरपीएफ एवं अन्य सुरक्षा बलों ने धमतरी शहर, कुरूद, नगरी में पैदल फ्लैग मार्च किया। एसपी ने फ्लैग मार्च के दौरान अड्डेबाजी करने वालों, क्षेत्र के गुण्डा-बदमाशों, चाकूबाजों पर कड़ी कार्रवाई करने निर्देशित किया। गुरूवार को धमतरी में निकाला गया फ्लैग मार्च पुलिस लाइन रूद्री से शुरू होकर सदर बाजार होते हुए रत्नाबांधा पहुंचा। आदतन अपराधी व असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर प्रभावी कार्रवाई करने एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रखने निर्देशित किया गया है। चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों को चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखने हिदायत दी गई है।

पेट्रोलिंग एवं फ्लैग मार्च में एएसपी सुशील नायक व अभिषेक सिंह, असिस्टेंट कमांडेट सीआरपीएफ आशुतोष अवस्थी, डीएसपी नेहा पवार, यातायात डीएसपी एमएस चंद्रा, नगरी एसडीओपी आरके मिश्रा, भावेश साव, प्रशिक्षु डीएसपी विकेश्वरी पिन्दे, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, कोतवाली प्रभारी शरद ताम्रकार, अर्जुनी प्रभारी राजेश मरई, कुरूद प्रभारी अरूण साहू, नगरी टीआई टूमन डडसेना, एसआई चंद्रकांत साहू, केआर साहू सहित अन्य थाना प्रभारी, सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान शामिल थे।

# बाल हनुमान की जीवंत झांकी ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी





ग्राम छाती के बाजार चौक में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम मानव कल्याण स्वर्गधाम सेवा समिति एवं श्रीराम जानकी मंदिर समिति छाती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। 1111 दीपों से आरती की गई। शाम 7 बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बाल हनुमान की जीवंत झांकी भी बनाई गई थी। पंडवानी के साथ भिलाई की जस झांकी ने दर्शकों का मन मोह लिया। भक्तों में महाप्रसादी का वितरण किया गया। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ हवन-पूजन





- खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामीणों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस श्रृंगार एवं अखंड रामायण का पाठ ग्रामवासियों द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस सोमवार को डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा श्रीराम हिंदू परिवार द्वारा निकाली गई। श्रीराम भक्त डीजे की धुन में जमकर झूमते नजर आए। हनुमान जन्मोत्सव पर हवन पूजन, शस्त्र पूजन सहित पूजा आरती पश्चात महाप्रसादी वितरण किया गया। पूजनकर्ता ग्राम नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा रहे। श्रीराम हिंदू परिवार द्वारा अतिथियों का श्रीफल और गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। रात्रिकालीन कार्यक्रम के तहत भारत दर्शन जस झांकी एवं रामधुनी मंडली वृंदावन चौक भिंभौरी बेमेतरा की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का आनंद लेने सैकड़ों दर्शक पहुंचे और भक्ति में झूमते नजर आए।

# अग्निवीर में चयनित ओंकार का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम लोहरसी की कपिश्वर धाम समिति के सदस्य ओंकार साहू पिता राजेश साहू का अग्निवीर में चयन हुआ है। प्रशिक्षण में जाने के पूर्व कपिश्वर धाम समिति ने हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतीक चिन्ह, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। बाजे- गाजे के साथ जवान को प्रशिक्षण के लिए विदा किया।

इस अवसर पर नीलकंठ, आशीष, चंद्रहास, घनश्याम, दीपक, देवेंद्र समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# बच्चों को दिया आयुष सुपोषण मोदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद ब्लाक के आंगनबाड़ी केंद्र कातलबोड़ के कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने जिला आयुर्वेद अधिकारी धमतरी के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय कातलबोड़ के डॉ खिलेश कुमार साहू व अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति में आयुर्वेद औषधियों से भरपूर सुपोषण मोदक का वितरण किया गया। इससे पहले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बताया कि मोदक लड्डू खिलाने के एक सप्ताह बाद पुनः स्वास्थ्य परीक्षण कर सुपोषण स्तर की जांच की जायेगी।

# बेलौदी स्कूल का परीक्षाफल घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलौदी में कक्षा नवमी और ग्यारहवीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। शाला के प्राचार्य, वासुदेव ठाकुर, अशोक पटेल ने परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं का मुंह मीठा कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुनः मेहनत करने पर बल दिया। परीक्षा प्रभारी जितेन्द्र साहू ने परीक्षाफल घोषित किया। कक्षा नवमी में प्रथम छवेन्द्र पिता खम्हन 91 प्रतिशत, लीलिमा पिता प्यारेलाल 91 प्रतिशत, द्वितीय छत्रपति 90 प्रतिशत रहे। ग्यारहवीं में प्रथम गायत्री पाल पिता भोलाराम साईंस 90.80 प्रतिशत, द्वितीय गीतांजलि पिता तमेश्वर गणित 88 प्रतिशत, तृतीय योगिता पिता प्यारेलाल कला 86.20 प्रतिशत रहे। वाणिज्य संकाय में चार बच्चे थे जिनका भी परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। चारों बच्चे प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर शाला के व्याख्यातागण संतोष कुमार सहू, तिलक साहू, शीतराम ध्रुव, अशोक कश्यप, पेमेश्वरी कंवर ,सोफिया सैनिक, पालकगण काशीराम साहू, रिपुसूदन साहू, उमेश साहू, हरिचंद साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हनुमान जयंती पर हुआ मानसगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिहावा



ग्राम मल्हारी में हनुमान जयंती मनाई गई। गांव में विराजमान हनुमंत लला की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना करने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मानस सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर पेमेंद कुमार पटेल ने बताया कि सिहावा अंचल में सर्वप्रथम मानस सम्मेलन का शुभारंभ मल्हारी से ही हुआ था। उसके बाद पूरे सिहावा अंचल में मानस सम्मेलन का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है।

# साहित्यकार पुनूराम का हाल-चाल जाना

**धमतरी।** क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के अध्यक्ष पुनू राम साहू इन दिनों अस्वस्थ हैं। उनका उपचार शासकीय जिला चिकित्सालय धमतरी में जारी है। विदित हो कि 76 वर्षीय पुनू राम साहू पिछले 10 वर्षों से आंशिक हृदय रोग से पीड़ित हैं। वर्तमान में रक्त की कमी के कारण उन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय धमतरी में भर्ती कराया गया है। श्री राज की अस्वस्थता संबंधी जानकारी मिलते ही धमतरी जिला हिंदी साहित्य के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव, वरिष्ठ साहित्यकार सुरजीत नवदीप, डा. भूपेन्द्र सोनी, दीप शर्मा, विनोद रणसिंह, डॉ. सरिता दोशी, कामिनी कौशिक, आकाश गिरी गोस्वामी, भूपेन्द्र मानिकपुरी, कुलदीप सिन्हा, नरेश श्रोती सहित जिला साहू समाज के पदाधिकारी चिकित्सालय पहुंचे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की।


**Pride of Dhamtari**

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
- हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
- राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।

संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं पेट ,लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ अरूण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
26 अप्रैल 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### कार को ठोकने के बाद गाली-गलौज

रायपुर। पंडरी थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ उनकी कार का एक्सीडेंट करने के बाद गाली-गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लोधीपारा निवासी कृष्ण शर्मा ने कार सीजी 04 एचके 0592 के चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कृष्ण ने पुलिस को बताया है कि विधानसभा स्थित राम मनोहर लोहिया मार्ग पर जब वो अपनी कार से जा रहे थे। इसी दौरान उस नंबर के कार चालक ने उनकी कार को पीछे से ठोक दिया। कार को ठोकने के बाद उस कार के चालक ने कृष्ण के साथ गाली-गलौज की।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट

रायपुर। तेलीबांधा थाना में एक युवक ने दो अन्य लड़कों के खिलाफ शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लभांडी निवासी उमेश निषाद ने बलराम यादव तथा एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उमेश ने पुलिस को बताया है कि बलराम तथा उसके साथी धनेश साहू ने उससे शराब पीने पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर दोनों लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।

### गाली-गलौज कर नुकीली वस्तु से हमला

रायपुर। मंदिर हसौद थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ उसके साथ बगैर किसी कारण गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक कुरुद निवासी पुष्पेंद्र पटेल ने अभय मिर्चे के खिलाफ गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला करने कि शिकायत दर्ज कराई है। पुष्पेंद्र ने पुलिस को बताया है कि रास्ते में जाते समय अभय ने उसके साथ गाली-गलौज कर नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाई है।

### मजदूरी विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

रायपुर। विधानसभा थाना में मजदूरी विवाद पर दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बरौदा निवासी सुरेश विश्वकर्मा ने कृष्णकांत शर्मा तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेश ने पुलिस को बताया है कि वह कृष्णकांत के पास मजदूरी का पैसा मांगने के लिए गया था। इस बात से नाराज होकर कृष्णकांत तथा उसके साथियों ने सुरेश के साथ मारपीट की। कृष्णकांत ने सुरेश तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### चरित्र शंका पर पत्नी के साथ मारपीट

रायपुर। राखी थाना में एक महिला ने अपने पति तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राखी निवासी 35 वर्षीय महिला ने अपने पति लीलाधर लिलहरे तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका पति उसके चरित्र को लेकर संदेह करता है, इसके कारण लीलाधर तथा उसके एक अन्य साथी ने महिला के साथ मारपीट की।

### प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री निष्कासित

रायपुर। लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश संयुक्त महामंत्री राघवेंद्र सिंह ठाकुर को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश अनुसार राघवेंद्र सिंह ठाकुर को लोकसभा चुनाव में पार्टी संगठन के खिलाफ काम करने पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।


### कांग्रेस प्रवक्ता भिड़े वीडियो वायरल

रायपुर। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के रायपुर रेलवे स्टेशन में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कांग्रेस के दो प्रवक्ता आपस में भिड़ गए। कैमरे में आने को लेकर प्रदेश संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला और विकास तिवारी के बीच विवाद की स्थिति बताई जाती है, इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

मुख्य मुकाबला भाजपा की रूपकुमारी चौधरी व कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू के बीच

# आज मतदान : महासमुंद संसदीय क्षेत्र के 17,62,477 मतदाता तय करेंगे 17 सांसद प्रत्याशियों के भाग्य






हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ की हाईप्रोफाइल लोकसभा सीटों में एक सीट महासमुंद लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले कुल 1762477 मतदाता आज 17 सांसद पद के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। यहां के 866670 पुरुष मतदाता, 895773 महिला मतदाता एवं 34 थर्ड जेंडर के मतदाता सुबह 7 बजे से अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर महासमुंद क्षेत्र के लिए सांसद चुनकर भेजेंगे।

महानदी तट पर स्थित महासमुंद संसदीय क्षेत्र की विशेष पहचान अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल सिरपुर और गंगरेल बांध से है। इस सीट का चुनावी इतिहास काफी दिलचस्प है। यह वही सीट है जहां से प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी भी सांसद रह चुके हैं। तीन जिले को समेटे हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिला शामिल है। वैसे तो यहां सांसद बनने कुल 17 प्रत्याशी मैदान पर हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा की रूप कुमारी चौधरी व कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू के बीच है।

जातिगत समीकरण पर अगर गौर करें तो यहां 51 फीसद मतदाता अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। इनमें साहू, कुर्मी, अघरिया, यादव और कोलता समाज के लोग अधिक हैं। अनुसूचित जनजाति के वोटर लगभग 20 फीसदी हैं। अनुसूचित जाति के वोटर लगभग 11 फीसदी हैं। अनारक्षित वर्ग के लगभग 12 फीसदी मतदाता हैं। यानी महासमुंद लोकसभा अन्य पिछड़ा वर्ग बाहुल क्षेत्र है। यहां ओबीसी समाज के लोग अधिक हैं।यही कारण है कि इस सीट पर बीजेपी ने एक ओबीसी वर्ग की महिला रूपकुमारी चौधरी को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने ओबीसी वर्ग से ही छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और दिग्गज नेता ताम्रध्वज साहू को अपना प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में इस सीट पर दो ओबीसी प्रत्याशियों के बीच जबरदस्त टक्कर है।

### दोनों ओबीसी प्रत्याशियों के बीच है जबरदस्त टक्कर




#### चुनावी वादों से लेकर वोटों के ध्रुवीकरण पर रहा जोर

भाजपा के लिए 10 साल के कार्यकाल , मोदी की गारंटी व प्रदेश में भाजपा सरकार के तीन महीने के कार्यकाल और कांग्रेस शासनकाल की गड़बड़ियां ही बड़ा मुद्दा है जबकि कांग्रेस मोदी सरकार द्वारा संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने तथा भाजपा सरकार की योजनाओं की खामियां गिना वोट बंटोरने की कोशिश की है। वहीं कांग्रेस को साहू वोटों पर भरोसा है। 15 साल से यहां साहू समाज के ही सांसद चुने गए हैं। इस बार भाजपा ने रूपकुमारी चौधरी को टिकट दिया है। कांग्रेस साहू वोटों के ध्रुवीकरण पर जोर दे रही है। वहीं भाजपा मोदी के चेहरे और केंद्र के 10 साल के कार्यकाल के भरोसे मैदान में हैं।

#### कांग्रेस-भाजपा में दिख रही बराबरी की टक्कर

महासमुंद लोकसभा सीट पर साल 1952 से अब तक कुल 19 चुनाव हुए हैं, जिसमें 12 बार कांग्रेस, 4 बार भाजपा व एक बार बीएल्डी का कब्जा रहा है। वर्तमान में इस संसदीय क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों में से चार विधानसभा क्षेत्र सरायपाली, खल्लारी, धमतरी और बिन्द्रानवागढ़ पर कांग्रेस का कब्जा है। वहीं चार विधानसभा क्षेत्र में महासमुंद, बसना, राजिम और कुरूद पर बीजेपी का कब्जा है। इस दृष्टिकोण से यहां अभी कांग्रेस-भाजपा दोनों में बराबरी की टक्कर देखी जा रही है जो कि आज पड़ने वाले मतदान के बाद तय होगा कि किसका पलड़ा भारी पड़ेगा।

## रवाना होने से पूर्व मतदान कर्मियों की स्वास्थ्य जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले के 753 मतदान केन्द्रों में मतदान कराने के लिए स्थानीय भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री से मतदान सामग्री प्राप्त कर मतदान दल रवाना हो गये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर मतदान कर्मियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सामग्री वितरण केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण, पेयजल, वाहन नियंत्रण और कर्मचारी सहायता केन्द्र स्थापित की गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान दल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को पेयजल की कोई दिक्कत नहीं हुई। वहीं रवाना होने से पूर्व कुछ अधिकारी, कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य जांच भी कराया। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक, काउंटर सहित अन्य उपयोगी जानकारी लेने के लिए सहायता केन्द्र बनाया गया, जहां सभी तरह की जानकारी मतदान दलों को तत्काल मुहैया कराई गई। वाहन नियंत्रण कक्ष में मतदान दलों के लिए निर्धारित वाहन, रूट आदि की जानकारी दी गई।

## हनुमान का जन्म महोत्सव धूमधाम से मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बजरंग अखाड़ा में विराजित प्रज्ञेश्वर संकटमोचन हनुमान का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

राजेंद्र नाग व्यवस्थापक हनुमान मंदिर बैगापारा दानीटोला ने बताया कि आयोजन में वार्ड की मातृशक्तियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सभी ने आत्म कल्याण, विश्व कल्याण के लिये आहुति डाली।

## सहायक बांधों पर आश्रित हुआ गंगरेल बांध

### परियोजना के बांधों में 14 फीसदी उपयोगी पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बारिश के मौसम को अभी दो माह है। गांवों में निस्तारी के लिए तालाब में पानी भरने के बाद परियोजना के बांधों में महज 14 फीसदी पानी शेष है। गंगरेल बांध अब पानी के लिए तरस रहा है। इस बांध में पानी की आपूर्ति माड़मसिल्ली तथा दुधावा से की जा रही है।

बुधवार की स्थिति में गंगरेल बांध में उपयोगी पानी 4.111 टीएमसी था। विगत 3 सप्ताह से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। अब तक गांवों के 350 तालाब भरे गए हैं। अब महानदी मुख्य नहर की वितरक शाखाओं में पानी सप्लाई बंद कर दी गई है। रूद्री से धमतरी शहर के लिए पहुंचने वाली वितरक नाली का पानी बंद हो गया है। इससे हरफतराई से बठेना, रत्नाबांधा, मुजगहन की ओर जाने वाली नहर में पानी सप्लाई बंद है। बांध से 3062 क्यूसेक पानी मुख्य नहर में निस्तारी एवं निगम को पेयजल के लिए छोड़ा जा रहा है।

#### सोंढूर से दुधावा, दुधावा से गंगरेल लाया जा रहा है पानी


फाइल फोटो

बीते वर्षा काल में कम बारिश के कारण माड़मसिल्ली बांध आधा ही भर पाया था। गंगरेल बांध में पानी की आवश्यकता को देखते हुए माड़मसिल्ली बांध का पानी गंगरेल पहुंचाया गया। माड़मसिल्ली में अब महज 0.700 टीएमसी पानी शेष रह गया है। इसके बाद सोंढूर बांध का पानी दुधावा पहुंचाया जा रहा है। अब सोंढूर बांध में 1.815 टीएमसी पानी बचा है। दुधावा बांध का पानी गंगरेल लाया जा रहा है। दुधावा में 1.655 टीएमसी पानी है। गंगरेल में पानी की आवक और निस्तारी पानी देने से 4.111 टीएमसी पानी मौजूद है। सोंढूर से 894 क्यूसेक पानी दुधावा तथा दुधावा से 730 क्यूसेक पानी गंगरेल पहुंच रहा है। अधिकारियों के अनुसार सहायक बांधों से 5 टीएमसी पानी गंगरेल लाया जा रहा है।

## ब्राम्हण महिला मंच ने किया मठा का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के विभिन्न मंदिरों में हनुमान जयंती पूरी आस्था के साथ मनाई गई। जगह-जगह प्रसादी वितरण करने भण्डारे का भी आयोजन किया गया। इसी क्रम में कचहरी चौक के समीप स्थित हनुमान गढ़ी में ब्राम्हण महिला मंच के तत्वाधान में गर्मी से राहत देने की पहल करते हुए मठा का वितरण किया गया।

इस अवसर पर महिला मंच की जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा, संयोजक प्रभा मिश्रा, एनी मिश्रा, आयुषी पाण्डेय, मीनाक्षी मिश्रा, सीमा चौबे, सरिता मिश्रा, गौरी मिश्रा, सपना पाण्डेय, झंकार शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिले में 10 हजार परिवार में गायत्री महायज्ञ का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा विश्व कल्याण के साथ अनीति एवं अत्याचार निवारण, लोगों में आपसी प्रेम, सद्भावना बढ़ाने एवं खुशहाल जीवन के लिए प्रतिवर्ष बुद्ध जयंती पर गृहे -गृहे यज्ञ अभियान का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी जिले के धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक में 10 हजार परिवारों में गायत्री यज्ञ कराने का लक्ष्य रखा गया है।

■ गायत्री परिवार का गृहे-गृहे यज्ञ अभियान



जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि सन 2018 से संचालित इस अभियान के अंतर्गत अभी तक जिले के 45 हजार से अधिक परिवारों में यज्ञ कराया जा चुका है। यह अभियान अभी माताजी के जन्म शताब्दी समारोह 2026 तक जारी रहेगा। जिले के 10 हजार परिवारों में यज्ञ कराना है।

प्रत्येक ब्लाक के लिए दो दो हजार एवं प्रत्येक इकाई के लिए दो दो सौ परिवार का लक्ष्य रखा गया है। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा तैयार की गई जिले के 500 परिजनों की टोलियां अपने सहयोगियों के साथ घर घर पहुंच कर यज्ञ संपन्न करायेंगी।

## ज्ञान अमृत स्कूल का रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ज्ञान अमृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 6वीं में प्रथम पूर्वा नाग, द्वितीय दिव्या रिगरी, तृतीय डिम्पी सपहा रहे। कक्षा 7वीं में प्रथम अक्षी देवांगन, द्वितीय पलक साहू, तृतीय चांदनी पटेल रहे। कक्षा 8वीं में प्रथम चंचल पटेल, द्वितीय नोमिता निर्मलकर, तृतीय नैनसी ढीमर रहे। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 66.66 प्रतिशत एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में प्रथम दीक्षा जगताप, द्वितीय काजल पटेल , तृतीय अनुशा यादव एवं कक्षा 11वीं में प्रथम कुशाल साहू, द्वितीय भूमिका जैन मीनाक्षी निषाद तृतीय रहे।

इस अवसर पर प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि मेहनत करने वाले कभी असफल नहीं होते। आगे भी ज्यादा मेहनत कर अपने रिजल्ट में सुधार करने का प्रयास करें। उपप्राचार्य जगदीश सोनी ने कहा कि जो छात्र किसी कारणवश असफल हो गए हैं। उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। आने वाले समय में और अधिक परिश्रम करके सफलता अर्जित की जा सकती है। मौके पर अफजल रिजवी, राजेन्द्र साहू, अभिलाषा चौहान, कोशलेश्वरी दुबे, नेहा पदमवार, संतोषी वर्मा, लक्ष्मी देवांगन, भावना कहार उपस्थित थे।

## 51 लाख राम नाम जमा करने के लक्ष्य के साथ खुला हनुमंत बैंक

शिव चौक के ब्रम्ह चबूतरा स्थित पंचमुखी हनुमंत धाम के बच्चों की पहल

लक्ष्य पूरा होने के बाद अयोध्या जाकर राम नाम अर्पित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय शिव चौक के ब्रम्ह चबूतरा स्थित पंचमुखी हनुमंत धाम हनुमान मंदिर में बाल हनुमान समिति के बच्चों ने राम नाम जमा करने हनुमंत बैंक खोला है। हनुमान चालीसा का पाठ करते 23 अप्रैल को एक वर्ष होने के अवसर पर यह पहल की गई है। वर्ष 2025 के हनुमान जन्मोत्सव तक वर्ष भर में 51 लाख राम नाम जमा करने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य पूरा होने के बाद समिति के सदस्य अयोध्या के प्रभु श्री राम के मंदिर में पहुंचकर 51 लाख राम नाम अर्पित करेंगे।

हनुमंत बैंक में रुपये, पैसे या दान जमा नहीं होंगे। यहां केवल राम नाम जमा लिया जाएगा। बाल हनुमान समिति की सबसे कम आयु के सदस्य अन्वी मिश्रा ढाई वर्ष, अनन्या यादव तीन वर्ष, चंचल यादव, अहान बख्तानी दोनों चार वर्ष ने फीता काटकर बैंक का शुभारंभ किया। छोटे बच्चों ने पेपर में अपनी क्षमता के अनुसार राम का नाम लिखकर जमा किया।



### 101 राम नाम के साथ कोई भी खाता खुलवा सकता है

बाल हनुमान समिति के संजू नागवानी एवं मयंक यादव ने बताया कि किसी भी आयु का कोई भी व्यक्ति 101 बार राम राम नाम सादे कागज पर लिखकर बैंक में अपना खाता खुलवा सकता है। समिति द्वारा राम नाम लिखने हेतु प्रारूप भी बनवाया गया है, जिसका वितरण आसपास के मोहल्लों में किया गया। हनुमंत बैंक में पैसा, दान या कोई भी चीज नहीं ली जाती, केवल राम नाम जमा होता है। खाता खुलवाने के बाद 101 राम नाम से लेकर अधिकतम अपने सामर्थ्य के अनुसार राम नाम लिखकर तय दो दिन में समय पर पहुंचकर राम नाम जमा करवा सकते हैं।

बैंक सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शनिवार को शाम छह से आठ बजे तक राम नाम जमा करने के लिए खुला रहेगा। ये दो दिन बाल हनुमान समिति के सदस्य पंचमुखी हनुमत धाम में एकत्रित होकर 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं।

## मतदान कर अमिट स्याही दिखाने पर मतदाताओं को मिलेगा डिस्काउंट

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स की अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदाताओं को शत्-प्रतिशत मतदान करने के लिए अनेक स्वीप जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन्हीं कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स की अनोखी पहल भी जुड़ गई, ताकि अधिक से अधिक मतदान हो और देश का विकास हो। साथ ही मतदाताओं को लाभ भी पहुंचे। जिले के ऐसे मतदाता जो 26 अप्रैल को मतदान करने के बाद अमिट स्याही दिखायेंगे, उन्हें इन प्रतिष्ठानों में सामग्री की खरीदारी पर डिस्काउंट दिया जायेगा।

रूद्री रोड स्थित वणक्कम रेस्टोरेंट में 600 रूपये के बिल पर 100 रूपये का दोसा फ्री, सिहावा चौक धमतरी के लक्ष्मी चश्मा घर में 20 प्रतिशत की विशेष छूट, घड़ी चौक के पास महेश क्लॉथ स्टोर्स में 1200 रूपये की खरीदी पर 399 का आकर्षक उपहार, शू पार्क में सभी ब्रांडेड कम्पनियों पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट, रत्नाबांधा चौक के पास न्यू लक्ष्मी चश्मा घर में सभी ब्रांडेड कंपनियों पर 15 से 25 प्रतिशत छूट, बस्तर रोड स्थित नटराज ट्रेक्टर्स में 26 अप्रैल को ट्रेक्टर बुकिंग पर 20 ग्राम चांदी फ्री मिलेगी। रायपुर रोड स्थित छत्तीसगढ़ वस्त्रालय में कपड़ों की खरीदी पर 10 प्रतिशत छूट, चमेली चौक के पास अरिहंत ज्वेलर्स में 10 ग्राम से अधिक सोने के जेवर की खरीदी पर एयरबैग फ्री, शांति कॉलोनी चौक रवि अनाज भण्डार में खरीदी पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट, गोल बाजार के पास चरण प्रकाश में खरीदी पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट, रायपुर रोड स्थित अनिल रेडियो में स्पेशल डिस्काउंट और घड़ी चौक स्थित मां केक मलाई में 500 रूपये की खरीदी पर 1 कुकिज बॉक्स फ्री मिलेगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स की इस पहल की प्रशंसा की है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508133

## खबर संक्षेप



### दुनिया को अलविदा कहने से पहले अपना कर्तव्य निभाया

**धमतरी।** ऐसा इंसान जिन्होंने स्वर्ग सिधारने से पहले अपने मत का दान करके गया है। स्वास्थ्य खराब होने के दो दिन पूर्व उन्होंने होम वोटिंग के जरिए अपना मत का प्रयोग किया। शहर के जाने माने अधिवक्ता एवं भाजपा के वयोवृद्ध नेता सन्मुख दास पंजवानी मतदान करके स्वर्ग सिधार गए और मतदाताओं को संदेश दिया कि मतदान अवश्य करें और एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण करें।

बाकी 12 प्रतिशत की वसूली चालू माह में होगी कम्पलीट : उपायुक्त

# निगम प्रशासन ने की इस वर्ष पौने दस करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम प्रशासन ने इस वर्ष वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व 31 मार्च तक 1120.39 करोड़ की मांग के एवज में रिकार्ड 985.42 करोड़ की ऐतिहासिक वसूली की है। निगम आयुक्त विनय कुमार के निर्देश व उपायुक्त प्रवीण सार्वा के मार्गदर्शन में निगम कर्मचारियों ने मुस्तैदी से वसूली कर एक रिकार्ड बनाया है। वसूली की प्रतिशत इस बार 87.95 प्रतिशत रहा है। बाकी 12 प्रतिशत की वसूली चालू माह में पूरी कर ली जाएगी। उपायुक्त श्री सार्वा ने बताया कि निकाय कर संग्रहण की स्थिति में इस वर्ष संपत्ति कर 268.28 करोड़, समेकित कर 150.87 करोड़, जल कर 189 करोड़, दुकानों का किराया 80.49 करोड़, दुकानों की बिक्री, प्रीमियम भवन 202.39 करोड़,



विज्ञापन होर्डिंग्स से आय 19.94 करोड़, पार्किंग, पशु पंजीयन, प्रदर्शनी कर 2.71 करोड़, यूजर चार्ज 35.50 करोड़, ब्याज से आय 1.78 करोड़ सहित अन्य कर 169.09 करोड़ रूपये कुल मांग 1120.39 करोड़ था, जिसके एवज में 87.95 प्रतिशत 985.42 करोड़ रूपये की रिकार्ड वसूली हुई है। बाकी 12 प्रतिशत की वसूली के लिए निगम कर्मचारी मुस्तैदी से जुटे हुए हैं। संभवतः अप्रैल में वसूली कम्पलीट हो जाएगी। इसके अलावा आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लक्ष्य तैयार किए जा रहा है।

श्री सार्वा ने बताया कि वसूली के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इस वर्ष निगम कमिश्नर द्वारा सख्त हिदायत दी गई थी कि वसूली में कोताही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वेतन रोकने की कार्रवाई के साथ डोर टू डोर वसूली करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा टैक्स नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटे गए। दुकानों का किराया नहीं देने वाले लोगों की दुकानों में सील लगाने की कार्रवाई की गई। निगम कर्मचारियों ने छुट्टी के दिन भी स्पॉट में जाकर वसूली की। टैक्स पेयी उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए ऑनलाइन पेमेंट करने की सुविधाएं दी गई। हर हाल में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए थे।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति का माह चूंकि चुनावी वर्ष था इसलिए वसूली अभियान में सख्ती नहीं बरती गई इसलिए लक्ष्य की प्राप्ति नहीं सकी और 12 प्रतिशत वसूली बकाया रह गया। आचार संहिता के कारण बड़े बकायादारों ने समय का फायदा उठाया और टैक्स जमा नहीं किए। अब बकाया और चालू मांग को मिलाकर लक्ष्य बनाया जा रहा है।

# विभिन्न थीम पर सजाए गए आदर्श मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में 15 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिन्हें विभिन्न थीमों पर आकर्षक तरीके से सजाया गया है। इनमें लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा अंतर्गत आदर्श मतदान केन्द्र शासकीय श्रृंगी ऋषि एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल को टाइगर रिजर्व के थीम पर सजाया गया है। इसी तरह प्राथमिक स्कूल चुरियारा नगरी को वन, शहीद अभिषेक गोलछा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल नगरी को यूथ, कृषि उपज मंडी नगरी स्थित आदर्श मतदान केन्द्र को कृषि उपज आधारित थीम और शासकीय माध्यमिक शाला जंगलपारा नगरी 5 को ट्रायबल थीम पर सजाया गया है।

इसी तरह लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद अंतर्गत बिसाहू सिंह गौर शासकीय





उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल भखारा उत्तर स्थित आदर्श मतदान केन्द्र को ट्रेफिक, प्राथमिक शाला बंजारी को वॉटर कंजर्वेशन, नया भवन शासकीय प्राथमिक शाला राखी को दिव्यांग, प्रथमिक शाला भवन मोंगरा पश्चिम को एफएलसी बैंकिंग और प्राथमिक शाला भवन कुहकुहा स्थित आदर्श मतदान केन्द्र को हरियाली एवं गार्डनिंग की थीम पर सजाया गया है। विधानसभा क्षेत्र धमतरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन आमदी स्थित आदर्श मतदान केन्द्र को पिंक बूथ, प्राथमिक शाला भवन मुजगहन को स्वास्थ्य एवं सेवा, नवीन प्राथमिक शाला भवन सोरिदभाट को शिक्षा एवं युवा, सेजेस गोकुलपुर को समर एवं मनोरंजन तथा शासकीय हाईस्कूल भवन रूद्री स्थित आदर्श मतदान केन्द्र को गंगरेल पर्यटन थीम पर सजाया गया है।

# केवि के स्काउट्स-गाइड्स छात्रों ने बनाया प्याऊ घर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केंद्रीय विद्यालय के स्काउट गाइड विभाग द्वारा विद्यालय के बाहर एक शीतल प्याऊ घर का निर्माण किया गया जिसका उदघाटन प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार ने किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने शिक्षकों एवं बच्चों को इस सेवा कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था करना एक पुनीत कार्य है। सुरेश देवांगन ने कहा कि वर्तमान में लोग पानी को भी व्यापार बना लिए हैं जो हमारी संस्कृति के प्रतिकूल है। यह निःशुल्क प्याऊ घर जनमानस में सेवाभाव का संचार करेगा। शिक्षक हरेन्द्र साहू ने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन सेवा और भलाई का कार्य करना चाहिए। रीमन लाल ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को मानव समाज के अतिरिक्त पशु-पक्षियों के लिए भी पेयजल की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्काउट योगराज और पुष्कर साहू ने जल संरक्षण आधारित नारे लगवाए। इस प्याऊ घर को बनाने में बीआर यादव सहित स्काउट्स गाइड्स के बच्चों का योगदान रहा।

संस्कार इंग्लिश मीडियम स्कूल, सम्बलपुर, धमतरी (छ.ग.)
पोस्ट-सम्बलपुर, जिला-धमतरी (छ.ग.) 493773 मो.नं. 6263197955
// आवश्यकता है //

| क्र. | पद | संख्या | योग्यता | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ड्रायवर | 02 | 8वी / 10वीं | 7000 से 10,000 |

टीप - 1. इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 30 अप्रैल 2024 को अपना संपूर्ण दस्तावेज, दो पासपोर्ट फोटो के साथ विद्यालय में इंटरव्यू के लिए उपस्थित हों (समय : प्रातः 8 से 12 बजे तक)।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वात रोग, हाथ पैर में दर्द होना, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस, दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी. रोग, केश रोग, नेत्र रोग व दांत रोग का इलाज होता है।

धमतरी शहर में स्कूली बच्चों के लिए
Art Summer Camp 2024
आर्ट समर कैम्प का आयोजन 1 मई से 30 मई 2024 तक
01 से 03 मई तक प्रिंट मेकिंग
06 से 10 मई तक पेंटिंग
13 से 17 मई तक मूर्तिकला
20 से 24 मई तक एनीमेशन और स्टॉप मोशन
27 से 30 मई तक क्राफ्ट और वाटर कलर पेंटिंग
धमतरी में फेबोनाची आर्ट स्टूडियो द्वारा समर आर्ट कैंप का आयोजन सेंट मैरी इंग्लिश मिडियम स्कूल में 1 मई से 30 मई 2024 तक किया जायेगा। इस समर कैंप में धमतरी के किसी भी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे पार्टिसिपेट कर सकते हैं, जिसमें फाइन आर्ट्स के अलग अलग माध्यम सिखाए जायेंगे। समर कैंप में प्रशिक्षण सुबह 7 बजे से 10 बजे तक दिया जायेगा। बच्चों के प्रशिक्षण के लिए जरूरी आर्ट मटेरियल संस्थान खुद देगा। कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।
प्रशिक्षण देने के लिए इंदिरा कला संगीत यूनिवर्सिटी से पढ़े हुए प्रोफेशनल कलाकार कैंप में आ रहे हैं। प्रिंट मेकिंग के प्रशिक्षण के लिए जिज्ञासा मिंज, निलेश कश्यप और वैभव यादव, पेंटिंग के लिए सारिका गोस्वामी, गुंजन शर्मा और निलेश कश्यप, मूर्तिकला के लिए प्रियंक भारद्वाज, एनीमेशन और स्टॉप मोशन के लिए सुप्रतिब अतराम और उल्लास भलाधारे, क्राफ्ट और वाटर कलर पेंटिंग के लिए कुनिका ध्रुव और नूतन किशोर समर कैंप में भाग लेने के लिए इच्छुक स्टूडेंटस सेंट मैरी इंग्लिश मिडियम स्कूल में सुबह 7 बजे से 10 बजे तक आकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इस समर कैंप की आयोजक फेबोनाची आर्ट स्टूडियो की संस्थापक जिज्ञासा मिंज है।
संपर्क करें - जिज्ञासा मिंज मो : 88716-47127

# विद्याकुंज स्कूल के छात्रों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विद्याकुंज मेमोरियल स्कूल हाटकेश्वर के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहर के घड़ी चौक में हमारा मतदान हमारा सम्मान पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह बताने का प्रयास किया कि हमारे एक वोट की कीमत क्या है। एक स्वस्थ एवं सार्थक सरकार का चुनाव कैसे करें।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के डायरेक्टर तरूण भांडे, प्राचार्य सोहन लाल यादव, समन्यक राजेश विश्वास, शिक्षक शिक्षिकायें खिरोमनी साहू, डोमेन साहू, जैनेन्द्र साहू, भूमिका तनेजा, रिया रणसिंह, पिंकी आहूजा, वैष्णवी पांडेय, अर्चना देवांगन, पलक रायचुरा, भारती देवांगन, नीतू, उर्मिला सोनकर, भीष्मति सोनवानी, यशोदा देवांगन, रीमा श्रीवास्तव व यशवंत साहू, हुमन साहू, नंदकुमार ठाकुर उपस्थित थे।

### कंडेल में साहू समाज ने मनाई दानवीर भामाशाह जयंती

**धमतरी।** जिला साहू समाज अध्यक्ष अवनेंद्र साहू के निर्देश व झिरिया परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष डेरहू राम साहू के मार्गदर्शन में ग्राम कंडेल में निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं करियर गाइडेंस की जानकारी देने 5 मई से एक माह तक निःशुल्क क्लास लगाई जाएगी। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ गणेशप्रसाद साहू ने बताया कि झिरिया परिक्षेत्र के 28 ग्रामों के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। सभी जाति के विद्यार्थी अपना पंजीयन ग्रामीण अध्यक्ष के पास करा सकते हैं। ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली, खेलकूद, कंप्यूटर, स्काउट गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रॉस के बारे में जानकारी दी जाएगी। समय-समय पर जिले के अधिकारियों का मार्गदर्शन भी मिलेगा। कार्यक्रम को लेकर ग्राम कंडेल के साहू समाज भवन में बैठक रखी गई थी। इस दौरान दानवीर भामाशाह की जयंती पूजा-अर्चना कर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष डेरहू राम साहू, कोषाध्यक्ष काशीराम साहू, सहसचिव मीनेश कुमार, गौकर्ण साहू, टिकेश्वर साहू, गुलजारी साहू उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9098324969
हरिभूमि कार्यालय
बठेना हॉस्पिटल के सामने, गोयल ऑटोमोबाईल के पीछे, धमतरी

सादर निवेदन
महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के समस्त मतदाता भाईयों एवं बहनों,
सादर प्रणाम, जय जोहार, जय छत्तीसगढ़
कांग्रेस पार्टी ने मुझे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की जनता की सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। आप सभी से आशीर्वाद चाहता हूँ। अपने संसदीय कार्यकाल में ऐसा कोई काम नहीं करूंगा जिससे क्षेत्र की जनता को सिर झुकाना पड़े, मैं पूरी तरह से कोशिश करूंगा की क्षेत्र की जनता का सम्मान बढ़े।
मैं राजनैतिक रिश्ता नहीं बनाता, पारिवारिक रिश्तों में विश्वास रखता हूं आप सब मेरे पारिवारिक सदस्य हैं, मुझे आशा है कि आप भी अपने परिवार के सदस्य के तौर पर स्वीकार करेंगे, मैं उंच-नीच, छोटे-बड़े, गरीब-अमीर का भेद नहीं करूंगा, घमण्ड, अभिमान से कोसों दूर रहकर सहज भाव से आप सब की सेवा करूंगा।
लोकसभा क्षेत्र काफी बड़ा होता है, सभी जगह पहुंचना व सभी लोगों से मिलना संभव नहीं हो पा रहा है, मेरे इस निवेदन को ही मेरा मिलना स्वीकार करेंगे। चुनाव प्रचार के दौरान मुझसे कोई गलती हुई हो तो अपना बेटा, भाई, मित्र समझकर क्षमा करेंगे, आपसे अनुरोध है कि क्रमांक 1 में पंजा छाप का बटन दबाकर भारी बहुमत से विजयश्री होने का आशीर्वाद प्रदान करेंगे।
हाथ बदलेगा हालात
मतदान -
दिनांक : 26 अप्रैल 2024, दिन : शुक्रवार
समय : सुबह 07:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक
ताम्रध्वज साहू
प्रत्याशी - महासमुंद लोकसभा क्षेत्र